प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/1835 दिनांक: 02 जून, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु संस्थानों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के द्वितीय चरण की लिखित परीक्षायें हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के रेगुलर तथा विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अर्न्तगत आने वाले अन्य सेमेस्टरों / वर्षो के छात्रों के कैरी ओवर विषयों की परीक्षायें गत् वर्ष / सेमेस्टर की भाँति ऑफ-लाइन मोड में दिनांक 27 जून, 2025 से 18 जुलाई, 2025 के मध्य आयोजित कराया जाना सम्भावित है। उक्त सम सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं का निम्न तालिका में अंकित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा फार्म भरने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु विश्वविद्यालय का ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है:

| क्र0सं0 | पाठ्यक्रम | सेमेस्टर / वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | B.TECH | 2nd & 4th |
| 2 | B.PHARM | 1st, 2nd, 3rd (Only COP) & 4th (Reg. & COP) |
| 3 | B.Arch, MBA (INT), MCA (INT.), & M.Tech (INT), BHMCT, BFA & BFAD, B.VOC., MBA (All), MCA, M.ARCH, M.TECH, M.PHARM & MURP (MPLAN) | 2nd |
| 4 | PHARMD | 1st 2nd & 3rd Year |

उपरोक्तानुसार तालिका में उल्लिखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टर / वर्षो में अध्ययनरत रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों के छात्र / छात्राओं का परीक्षा भरे विश्वविद्यालय के अध्यादेश **(Ordinance)** के अर्न्तगत **दिनांक 03 जून, 2025 से 15 जून, 2025 को सायः 5.00 बजे तक** ई0आर0पी पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करते हुए समयानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

02/06/2025

**(प्रो0 दीपक नगरिया)**
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, / संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

**(प्रो0 दीपक नगरिया)**
परीक्षा नियंत्रक